Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	3rd September 2017

हिन्दुस्तान

प्रेजिडियम स्कूल में स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का आगाज

शतरंज में तनिष्का और लोकेश हंस विजेता बने

जिला स्तरीय खेलकूद

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

सेक्टर-57 स्थित प्रेजिडियम स्कूल में शनिवार को जिला स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का आगाज हुआ। अंडर-17 वर्ग में सनसिटी स्कूल की तनिष्का कोटिया और अंडर-19 वर्ग में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के लोकेश हंस विजेता बने।

हरियाणा शतरंज एसोसिएशन के संगठन सचिव राजपाल चौहान और प्रेजिडियम स्कूल के प्रशासक मनीष भारद्वाज ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-11 वर्ग के लड़कों में एमिटी-43 के स्पर्श बिष्ट, एमिटी-46 के अनघ शुक्ला, रिज वैली स्कूल के कबीर सिंह और डीपीएस-45 के निर्णय गर्ग 03-03 अंक के साथ सबसे आगे रहे।

अंडर-11 लड़कियों में डीपीएस-45 की अन्या अग्रवाल और सोनी मुखर्जी 03-03 अंक, जबकि एमिटी-43 की नायसा सिंह और स्कॉटिश स्कूल की अरमिन कौर 2.5-2.5 अंक के साथ आगे रही।

अंडर-14 वर्ग में इन्होंने दिखाई प्रतिभाः अंडर-14 लड़कों के वर्ग में डीपीएस सुशांत लोक की सत्यार्थ नाथ झा, एमिटी सेक्टर-43 की जय मेहतानी, डीपीएस सुशांत लोक की सिद्धांत नाथ झा, प्रेजिडियम स्कूल की अभिनेव नानी और एमिटी-46 के तनिष्क सिंह 03-03 अंक लेकर आगे रहे। लड़कियों के वर्ग में प्रेजिडियम स्कूल की दुर्वा गर्ग और डीपीएस की इश्वी अग्रवाल खेल समाप्त होने तक 03-03 अंक अर्जित कर चुकी थी, जबकि एमिटी-46 की कृति भंभानी और एमिटी-46 की अपराजिता 2.5 अंक पर आगे चल रही थी।

गुरुग्राम के प्रेजिडियम स्कूल में जिला स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता के तहत शनिवार को शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लिया। • हिन्दुस्तान

तनिष्का ने सभी राउंड जीते

अंडर-17 लड़कियों के वर्ग में केवल छह खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सनसिटी स्कूल की तनिष्का कोटिया ने सभी राउंड जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। हैरिटेज स्कूल की प्रणनीता तंवर द्वितीय और एमिटी-46 की रिया धमीजा तृतीय स्थान पर रही। लड़कों के वर्ग में डीपीएस-45 के आकांक्ष सिंह, रॉयल ऑक स्कूल के अयूष और एमिटी-43 के शातनू यादव 3-3 अंक के साथ आगे चल रहे हैं।

लोकेश का शानदार प्रदर्शन

अंडर-19 लड़कों के वर्ग में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के लोकेश हंस प्रथम, हैरिटेज स्कूल के वरुण द्वितीय और स्कॉटिश स्कूल के कोस्तूबभ तीसरे स्थान पर विजेता बने। लड़कियों के वर्ग में एमिटी-46 की पूजा 3 अंक, हैरीटेज स्कूल की स्तुति 2 अंक और विवेक भारती स्कूल की चंचल एक अंक के साथ आगे चल रही थी। चीफ आर्बिटर राजकुमार ने बताया कि रविवार को फाइनल मुकाबले होंगे।

Publication	Dainik Bhaskar
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	3rd September 2017

दैनिक भास्कर

शतरंज प्रतियोगिता के पहले दिन कई खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

गुड़गांव | सेक्टर-57 स्थित एक निजी स्कूल में शनिवार को जिलास्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। पहले दिन कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अगले राउंड में प्रवेश किया। अंडर-17 वर्ग में तनिष्का कोटिया और अंडर-19 वर्ग में लोकेश हंस आगे रहे।

अंडर-11 के लड़कों में एमिटी-43 के स्पर्श बिष्ट और अनभ शुक्ला, रिज वैली स्कूल के कबीर सिंह और डीपीएस-45 के निर्णय गर्ग 03-03 अंक के साथ आगे रहे। अंडर-11 लड़कियों में डीपीएस-45 की अन्या अग्रवाल और सोनी मुखर्जी 03-03 अंक, एमिटी-43 की नायसा सिंह और स्कॉटिश स्कूल की अरमिन कौर 2.5-2.5 अंक के साथ आगे रही। अंडर-14 वर्ग में डीपीएस सुशांतलोक की सत्यार्थ नाथ झा, एमिटी सेक्टर-43 की जय मेहतानी, डीपीएस सुशांत लोक की सिद्धांत नाथ झा, प्रेजिडियम स्कूल के अभिनव और एमिटी-46 के तनिष्क सिंह 03-03 अंक लेकर आगे रहे। अंडर-17 में लड़कियों के वर्ग में 6 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सनसिटी स्कूल की तनिष्का कोटिया ने सभी राउंड जीतकर पहले दिन प्रथम स्थान हासिल किया। हेरिटेज स्कूल की प्रणनीता तंवर द्वितीय और एमिटी-46 की रिया धमीजा तृतीय स्थान पर रही। अंडर-19 लड़कों के वर्ग में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के लोकेश हंस प्रथम, हेरिटेज स्कूल के वरुण द्वितीय और स्कॉटिश स्कूल के कोस्तूभ तीसरे स्थान पर रहे। एसोसिएशन के अनुसार रविवार को फाइनल मुकाबले कराए जाएंगे।

Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	06
Date	3rd September 2017

ब्लू बेल्स के छात्रों ने जीती ट्रोफी

एनबीटी न्यूज, गुड़गांव : सेक्टर-4 ब्लू बेल्स स्कूल के छात्रों ने सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित कई प्रतियोगिता में भाग लेकर रोलिंग ट्रोफी पर कब्जा जमाया।

इसमें एक्वा मरीन इवेंट में नर्सरी के रिशान सिंह ने फर्स्ट और प्रतिष्ठा ने सेकंड प्राइज पाया। फिक्स एंड विज, एक्वा मरीन, नेस्टिंग लॉज, मिशमेश मेडली इवेंट में एलकेजी के रौनक झा ने पहला पुरस्कार जीता। यूकेजी के सोहम भारद्वाज ने स्टनर रनर में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। स्कूल मैनेजमेंट के सदस्यों और प्रिंसिपल ने सभी छात्रों को उनकी इस शानदार जीत के लिए बधाई दी व उनके काम को सराहा।

सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में हुआ आयोजन